टेक्नोलॉजी, नवाचार और युवा शक्ति की ताकत से देश आगे बढ़ेगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत की संस्कृति, संस्कार और संवेदना की झलक हमारे हर कार्य में दिखनी चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने जेबीएम ग्रुप के 'अमृत काल संकल्प सिद्धि यात्रा' समारोह को सम्बोधित किया

...

नई दिल्ली; 14 अप्रैल, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज जेबीएम ग्रुप, नई दिल्ली के 'अमृत काल संकल्प सिद्धि यात्रा' समारोह को सम्बोधित किया। इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को विजनरी लीडर बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने देश का संविधान बनाने में अमूल्य योगदान दिया। श्री बिरला ने गर्व व्यक्त किया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे व्यापक संविधान है जो हमारे लोकतंत्र को सदृढ़ करता है। श्री बिरला ने आगे कहा कि 75 वर्षों की यात्रा में भारत ने सभी देशवासियों के जीवन में क्रांतिकारी सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन किए हैं। उन्होंने विचार व्यक्त किया कि लोकतंत्र की जननी होने के कारण भारत ने सदैव लोकतंत्र पर विश्वास किया गया है और यह सिद्ध किया है कि उसकी लोकतांत्रिक विरासत और विविधता ही उसकी शक्ति है।

श्री बिरला ने जेबीएम ग्रुप के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन कदमों के आधार पर देश अमृत काल से स्वर्णिम काल का रास्ता तय करेगा। प्रधान मन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि 2047 में भारत सबके सामूहिक प्रयास और सामूहिक संकल्प से विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि जब हर व्यक्ति अपने अपने दायित्वों को निभाएगा और राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करेगा तो देश अपने आप विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि टेक्नोलॉजी, नवाचार और युवा शक्ति की ताकत से देश आगे बढ़ेगा।

देश की अमूल्य सभ्यागत और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत की संस्कृति, संस्कार और संवेदना की झलक हमारे हर कार्य में दिखनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कि केवल बौद्धिक संसाधनों से देश आगे नहीं बढ़ सकता, अपितु अध्यात्म, संस्कृति, संस्कार, संवेदना नैतिक मूल्यों और विचारों के आधार पर देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यही हमारी अंतर्निहित ताकत है कि हम अपनी गौरवशाली परंपरा को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त किया कि आज भारत की इंडस्ट्रीज ने अपने इनोवेशन, रिसर्च के माध्यम से दुनिया को दिखाया है कि वह हरित ऊर्जा के लक्ष्य को लेकर कितना आगे बढ़ गया है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में होने वाले प्रयासों की सराहना की। श्री बिरला ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर कहा कि भारत सीमित संसाधन और अधिक आबादी होने के बावजूद हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस दिशा में आने वाली चुनौतियों को देश ने स्वीकार किया है और उन चुनौतियों से निपटने के लिए वह सदैव तत्पर है।

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के सन्दर्भ में श्री बिरला ने उल्लेख किया कि जेबीएम ग्रुप ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व भलीभांति पूरे किए है। यह विचार व्यक्त करते हुए कि स्वास्थ्य, शिक्षा, अध्यात्म, योग, आदि हर दिशा में मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए और व्यक्तित्व के विकास की दिशा में जेबीएम ग्रुप ने कार्य किया है, उन्होंने इस बात की सराहना की कि यह संस्थान वसुदेव कुटुंबकम की भावना का जीवंत उदाहरण है जो कड़ी मेहनत, समर्पण और सेवा के साथ भारत को विश्व का अग्रिम राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें रहा है।